KAIZEN
evolving perceptions

Publication: Dainik Bhaskar **Edition:** New Delhi **Date:** May 30, 2018

गेमिंग इंडस्ट्री में आएगा बड़ा बदलावः जस्टिस बलबीर सिंह

Sports Reporter @ Delhi

भारतीय कानून आयोग के चेयरमैन न्यायमूर्ति बलबीर सिंह चौहान ने भारत में स्किल गेमिंग के लिए अग्रणी गैर-लाभकारी संस्था ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) के सालाना आईपी कार्यक्रम 'इंडिया गेमिंग कॉन्क्लेव' के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सम्मेलन गेमिंग उद्योग में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। इंडिया गेमिंग कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए न्यायमूर्ति बलबीर ने कहा 'यह सम्मेलन एक उत्कृष्ट मंच है, जिसके माध्यम से ऑपरेटरों, उद्योग जगत के अंशधारकों को गेमिंग उद्योग से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का मौका मिलेगा। यह मंच गेमिंग सेक्टर के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेगा। मुझे उम्मीद है कि यह सम्मेलन गेमिंग उद्योग में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।'

कार्यक्रम में शिरकत करने वाले अन्य दिग्गजों में न्यायमूर्ति आरवी एस्वर (पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय), क्रिस्टिना ठाकोर (रैंकिन, प्रिंसिपल कन्सलटेन्ट, 1017 गेमिंग यूके) और बिरगिटेसैंड(डायरेक्टर, डैनिश गेमिंग अथॉरिटी) शामिल थे। गेमिंग उद्योग से जुड़े सभी अंशधारकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और स्किल गेमिंग उद्योग एवं जिम्मेदाराना गेमिंग के विनियमित बाजार में कराधान एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने सम्मेलन में हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए।

इस मौके पर एआईजीएफ सलाहकार पैनल पेश किया गया और स्किल गेम्स कैरेक्टर्स को भी लॉन्च किया गया। छह सदस्यों के पैनल न्यायमूर्ति आरवी एस्वर, अनिंद्य घोष, दीपक दयानिधि, प्रोफेसर यामिनी अग्रवाल, डॉ संजू जॉर्ज और डॉ विक्रम सिंह शामिल थे। इस मौके पर क्रिस्टीना ठाकोर ने कहा 'मुझे उम्मीद है कि हमारी पहल भारतीय ऑपरेटरों को खूब पसंद आएंगी। मुझे विश्वास है कि यह पहल भारतीय गेमिंग उद्योग में नए मानक स्थापित करेगी और उद्योग के विकास में योगदान देगी।'